दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 06
अंकः- 184
मुरादाबाद
(Saturday)
24 October 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

पीएम मोदी ने चिन्मय अमृत महोत्सव वैश्विक सम्मेलन का किया उद्घाटन, कहा- मेरी नीतियों के केंद्र में युवा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में चिन्मय अमृत महोत्सव ग्लोबल सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने स्वामी चिन्मयानंद से 1993 में हुई मुलाकात को याद किया। इसके साथ ही कहा कि मेरी नीतियों का केंद्र युवा हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत मंडपम में %चिन्मय अमृत महोत्सव ग्लोबल सम्मेलन% का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा गुरुदेव स्वामी चिन्मयानंद से मुलाकात के बाद लोगों ने मुझे गुजरात का मुख्यमंत्री बनाया। तब से लेकर पिछले 25 वर्षों तक, मैंने सरकार के मुखिया के तौर पर अपनी पूरी क्षमता से देश की सेवा की है।

पीएम मोदी ने क्या कहा? - पीएम मोदी ने कहा,%इस कार्यक्रम में आधुनिक तकनीक के जरिए मेरे दिल की भावनाएं और भी जीवंत हो उठीं। पूज्य गुरुदेव स्वामी चिन्मयानंद को इस रूप में देखना और उनके होलोग्राम के साथ बातचीत करने का अवसर मिलना, ऐसा लगा मानो मैं 33 साल पीछे समय में चला गया हूं। 1993 में वडोदरा में गुरुदेव के साथ मेरी मुलाकात, हमारी बातचीत, उनका स्नेह और उनका आशीर्वाद सब कुछ मेरी आंखों के सामने बिल्कुल साफ तौर पर आ गया।

एक पल के लिए मुझे ऐसा लगा मानो मैं फिर से उनके साक्षात सानिध्य में हूं। यह मेरे लिए बेहद भावुक कर देने वाला अनुभव था। मुझे यह अद्भुत अनुभव देने के लिए मैं चिन्मय मिशन के सभी सदस्यों का तहे दिल से धन्यवाद करता हूं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं, मुझे आज भी याद है कि उनके साथ मेरी पिछली मुलाकात में हमने कितनी गंभीर चर्चा की थी। उस चर्चा का मुख्य विषय था - युवा शक्ति का निर्माण करना और उसके जरिए एक मजबूत और सक्षम भारत बनाना।

उनसे मिलने के कुछ साल बाद, लोगों ने मुझे गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में सेवा करने का अवसर दिया। तब से लेकर पिछले 25 वर्षों तक, मैंने सरकार के मुखिया के तौर पर अपनी पूरी क्षमता से देश की सेवा की है। इस पूरे सफर में गुरुदेव का आशीर्वाद मेरे साथ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, जब देश ने अपनी आजादी के 75 साल पूरे किए, तो मैंने सोचा कि हमें इस अवसर को न केवल विकसित भारत के विजन को प्रेरित करने का एक मंच बनाना चाहिए, बल्कि भारत की उस भावना को भी जीवंत करना चाहिए जो अमर विचारों के साथ जीना जानती है, और हजारों वर्षों के अपने अनुभव के आधार पर, आने वाली पीढ़ियों के लिए पूरी मानवता की चिंता कर सकती है।%बता दें कि 23 से 25 अक्तूबर 2026 तक आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय सम्मेलन में भारत और विदेशों से 9,000 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। यह आयोजन चिन्मय मिशन के 75 वर्षों के उपलक्ष्य में साल भर चलने वाले समारोहों का समापन है। चिन्मय मिशन एक वैश्विक आध्यात्मिक आंदोलन है, जिसकी स्थापना 1951 में स्वामी चिन्मयानंद ने की थी, ताकि वेदांत और भगवद गीता का ज्ञान सभी तक पहुंचाया जा सके। पिछले कुछ दशकों में, इस मिशन ने आध्यात्मिक शिक्षा, सांस्कृतिक संरक्षण, युवा सशक्तिकरण और सामुदायिक सेवा के क्षेत्रों में अपने कार्यों का विस्तार किया है।

संक्षिप्त समाचार

...क्यों बताऊं, लिस्ट पढ़ लेना, आजम से मुलाकात के बाद बोले अखिलेश

रामपुर की जेल में समाजवादी पार्टी की चुनावी रणनीति तय हुई। सूबे की 403 सीटों पर गठबंधन के साथ बंटवारे और प्रत्याशियों के नामों पर मंथन हुआ। जेल में लगभग एक घंटे हुई अखिलेश यादव और आजम खां की गुफ्तगू हुई। रामपुर की शहर विधानसभा सीट पर सपा के संभावित प्रत्याशी को लेकर पत्रकारों के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा, क्यों बताऊं... लिस्ट जारी होगी तो पढ़ लेना। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां की मुलाकात भले एक साल बाद हुई लेकिन एक घंटे की इस बातचीत में विधानसभा चुनाव के लिए यूपी में सपा की चुनावी रणनीति का खाका तैयार हो गया। इस मुलाकात में गठबंधन के सहयोगी राजनीतिक दलों के साथ सपा के सीट बंटवारे और प्रत्याशियों के नामों पर दोनों दिग्गजों ने मंथन किया। इससे पहले अखिलेश यादव आठ अक्तूबर 2025 को आजम खां से रामपुर स्थित उनके आवास पर मिले थे। उस समय आजम खां जेल से बाहर थे। बृहस्पतिवार को उनके रामपुर आने और जेल में आजम खां से मुलाकात का कार्यक्रम जारी होते ही इस दौरे के राजनीतिक मायनों पर कसाय लगने लगे थे। जैसा अनुमान था, वैसा हुआ भी। जेल में आजम खां से मिलकर अखिलेश ने उनकी सेहत का हाल जानने के साथ-साथ सियासी मसलों पर लगभग एक घंटे चर्चा की।पार्टी सूत्र बताते हैं कि इस दौरान पश्चिमी यूपी की सीटों के साथ-साथ प्रदेशभर में विधानसभा चुनाव के लिए सपा के संभावित चेहरों पर बातचीत हुई।

राजभर बोले- मुसलमान कब तक बिछाएगा दूसरों की दरी, आजम खां से अखिलेश की सिर्फ मुलाकात चुनावी जुमला

अम्बेडकरनगर में मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने अखिलेश यादव की आजम खां से जेल में मुलाकात को चुनावी जुमला बताया।

उन्होंने आरोप लगाया कि सपा मुसलमानों से भाजपा के डर पर वोट मांगती है। राजभर ने मुस्लिमों की सत्ता में भागीदारी की वकालत करते हुए सपा-कांग्रेस गठबंधन और सीट बंटवारे पर भी निशाना साधा।कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव के आजम खां से जेल में मुलाकात करने को लेकर निशाना साधा। अम्बेडकरनगर में उन्होंने कहा कि आजम खां लंबे समय से जेल में हैं, लेकिन अखिलेश यादव अब तक उनसे मिलने क्यों नहीं गए। राजभर ने इस मुलाकात को चुनावी जुमला करार देते हुए आरोप लगाया कि अखिलेश यादव चुनाव को ध्यान में रखकर आजम खां से मिलने पहुंचे हैं।

ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि मुसलमानों को भी सत्ता में भागीदारी की इच्छा रखनी चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर मुसलमान कब तक दूसरों के लिए दरी बिछाता रहेगा। राजभर के मुताबिक, अखिलेश यादव चाहते हैं कि भाजपा के डर से मुसलमान सपा को वोट दें।सपा-कांग्रेस गठबंधन पर भी साधा निशाना- सपा और कांग्रेस के गठबंधन को लेकर भी ओम प्रकाश राजभर ने तंज कसा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी कांग्रेस को 170 सीटें कभी नहीं देगी। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सीटों को लेकर विचार-विमर्श करते-करते चुनाव आ जाएगा और कांग्रेस दौड़ते-दौड़ते थक जाएगी। राजभर ने अपने पुराने अनुभव का जिक्र करते हुए कहा कि वह सपा के साथ रह चुके हैं और उनके मुताबिक, सपा अपने सहयोगियों को इतना दौड़ाती है कि लोग भाग जाते हैं। उनके इन बयानों से अम्बेडकरनगर में सपा-कांग्रेस गठबंधन और अखिलेश यादव की आजम खां से मुलाकात को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज होने के संकेत हैं।

भाजपा सांसद अनुराग शर्मा का नाम वोटर लिस्ट से गायब, अलीगढ़ में दो संदिग्ध एजेंट हिरासत में

उत्तर प्रदेश विधान परिषद के पांच खंड स्नातक और छह खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के लिए मतदान जारी है। मतदान शाम चार बजे तक चलेगा। इन चुनावों में कुल 14,81,310 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके लिए 2,697 मतदान स्थल बनाए गए हैं। चुनाव मैदान में कुल 152 प्रत्याशी हैं। गाजियाबाद में दोपहर दो बजे तक स्नातक के लिए 18 और शिक्षक के लिए 37 फीसदी मतदान हुआ है। मतदान अभी जारी है। इंदिरापुरम स्थित मकनपुर नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज में एम एल सी चुनाव में स्नातक के लिए पहली बार मतदान करने के बाद मतदाताओं ने अंगुली पर लगी स्याही का निशान दिखाती दिखीं।मेरठ खंड स्नातक व शिक्षक विधान परिषद चुनाव में दोपहर बाद दो बजे तक मतदान जारी था। इस दौरान शिक्षक विधान परिषद के लिए 52.17 प्रतिशत व स्नातक विधान परिषद के लिए 22.87 प्रतिशत मतदान हुआ। हापुड़ जिले में सभी 14 केंद्रों पर सुबह आठ बजे से चाक चौबंद व्यवस्था के साथ चुनाव शुरू हुआ। मतदान केंद्रों के बाहर प्रत्याशियों की ओर से शिविर लगाए हुए थे। इस दौरान समर्थक अपने अपने पक्ष में वोट की अपील करते नजर आए। चुनाव के दौरान किसी प्रकार के हंगामे या अप्रिय घटना नहीं हुई। डीएम कविता मीना व एसपी मधुबन कुमार ने केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।मेरठ-सहारनपुर खंड शिक्षक और स्नातक एमएलसी चुनाव में शुक्रवार को दोपहर तक कई मतदान केंद्रों पर वोटिंग जारी रही।

मुंबई में बम की धमकी से हड़कंपः अमिताभ का बंगला और दिलजीत का कॉन्सर्ट निशाने पर, जांच में जुटी एजेंसियां

अमिताभ बच्चन के जुहू स्थित बंगले %जलसा% को बम से उड़ाने की धमकी मिली है।महालक्ष्मी में दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट स्थल को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई है।

डीसीपी मनीष कलवानिया ने बताया कि बीएमसी को एक धमकी भरा ईमेल मिला था।दिलजीत का कॉन्सर्ट 27 नवंबर, 2026 को मुंबई में होना है।मुंबई की मेयर ऋतु तावड़े और अन्य अधिकारियों को धमकी भरा ईमेल भेजा गया है। इस ईमेल में अभिनेता अमिताभ बच्चन और गायक दिलजीत दोसांझ का भी नाम लिया गया है। एक ओर जहां बिग बी के बंगले को निशाना बनाने की धमकी दी गई है वहीं दूसरी ओर गायक दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट में बम धमाका करने की धमकी मिली है। बता दें, दिलजीत का कॉन्सर्ट 27 नवंबर, 2026 को मुंबई में आयोजित होने वाला है।23 अक्तूबर को सुबह 11ः31 बजे भेजे गए ईमेल में मुंबई मेयर कार्यालय में रात 3ः11 बजे धमाका करने की धमकी दी गई है। ईमेल में 31 अक्तूबर को मुंबई के एक स्कूल में ग्रेनेड हमले और 27 नवंबर को महालक्ष्मी रेस कोर्स में बम धमाके की धमकी दी गई है। इसके अलावा ईमेल में खालिस्तान समर्थक नारे का उल्लेख किया गया है। धमकी भरे ईमेल की जांच की जा रही है। डीसीपी मनीष कलवानिया ने बताया कि बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) को एक धमकी भरा ईमेल मिला था। जांच करने पर कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया। इसके अलावा, दादर के स्कूलों को भी धमकियां दी गई हैं।

पंजाब विधानसभा में एसआईआर के खिलाफ प्रस्ताव पासः पहली विधानसभा बनी, सीएम बोले-लोकतंत्र बचाना जरूरी

अबोहर में मारे गए अजय की मां और बहन विधानसभा के बाहर धरने पर बैठी हैं। भाजपा नेता उनके साथ हैं। अजय कुमार की 27 सितंबर को अबोहर की संत नगरी में एक धर्मशाला के बाहर गोली मार दी गई थी।पंजाब विधानसभा में एसआईआर के खिलाफ पेश प्रस्ताव पारित हो गया है। देश में पहली विधानसभा है, जिसमें एसआईआर के खिलाफ प्रस्ताव पारित हुआ है। सीएम मान ने कहा कि लोकतंत्र को बचाना जरूरी है।

प्रस्ताव पर बहस के दौरान सीएम भगवंत मान ने कहा कि वोट कौन डालेगा, यह भी सरकारें तय कर रही है। एसआईआर के बहाने 14 करोड़ वोट काट दी है। लोकतंत्र के चार स्तंभ तानाशाही में जकड़े हुए हैं। मजदूरों को तंग किया जा रहा है कि पहले तुम्हारी वोट थी या नहीं, यह साबित करें। लोगों का पहले ही लोकतंत्र से विश्वास उठता जा रहा है। हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव में एक साथ वोट नहीं डलवाते हैं। क्योंकि जो हरियाणा में वोट डाल रहे उन्हें फिर महाराष्ट्र लेकर जाएंगे। दिल्ली में भी इन्होंने केजरीवाल के हलके में 40 वोटों को काट दिया है। ईडी, सीबीआई वोटों के समय आती है और रेड पड़नी शुरू हो जाती है। बंगाल में अब कोई प्रॉब्लम नहीं है और अब ईडी पंजाब आनी शुरू हो गई है।मान ने कहा कि जब कीमती वोट ही कट गया तो फिर रह क्या गया है। पठानकोट की एक भाजपा नेता ने कहा कि 20 हजार वोट कटवा दो और विधायक बन जाओ। अब चुनाव आयोग ने कहा कि हम अब अपनी बैठक के मिनट्स रखेंगे यानी अब तक यह बैठक का रिकॉर्ड ही नहीं रखते थे। लोकतंत्र को बचाने के लिए ऐसे प्रस्ताव बहुत जरूरी है और पंजाब ने यह शुरुआत की है।इससे पहले विधानसभा सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही शुरू होते ही हंगामा हो गया। विधानसभा सत्र शुरू होते ही कांग्रेसी पार्षदों ने नशे और कानून व्यवस्था के मुद्दे को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। कांग्रेसी पार्षद नारेबाजी करते हुए सदन के बीचों बीच आ गए। इस दौरान आप पार्षदों ने भी कांग्रेसी पार्षदों का विरोध किया।

इसके बाद कांग्रेस विधायक सुखपाल खैरा को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है। वित्तमंत्री हरपाल चीमा ने इसका प्रस्ताव पेश किया। चीमा ने कहा कि विधायक सुखपाल खैरा ने चेयर के खिलाफ गलत भाषा का प्रयोग किया। इसलिए खैरा को पंजाब विधानसभा के बाकी समय के लिए निलंबित किया जाए। स्पीकर ने प्रस्ताव पढ़ते हुए कहा कि खैरा ने चेयर के आदेशों की जानबूझकर उल्लंघन किया। इसलिए उन्हें सदन के बाकी समय के लिए निलंबित किया जाता है। चीमा ने कहा कि यह हमेशा दलितों और महिलाओं के खिलाफ गलत बयानबाजी करते हैं, इसलिए इनके खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास किया जाए। मंत्री तरुणप्रीत सौंद ने कहा कि हमेशा कांग्रेस का इस तरह रवैया रहा है और यह वॉकआउट करके चले जाते हैं। शून्यकाल में विधायक मनप्रीत सिंह अयाली ने कहा कि भाजपा अकाली दल ने नशे के खिलाफ कोई कारवाई नहीं की। इसके बाद कांग्रेस सरकार ने भी कोई कार्रवाई नहीं की। आप ने भी वादा किया और युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान शुरू कर दिया। लेकिन अभी भी नशा खत्म नहीं हुआ। बॉर्डर से भी नशा आ रहा है। गुजरात से आ रहा है। नशे की गोलियां सरेआम आकर यहां बिक रही है। लोगों में इन घटनाओं के चलते सरकार के खिलाफ काफी रोष है। स्पीकर ने कहा कि आपकी बात आ गई है।

संपादकीय Editorial

Temple Offering Receipt

In the Mahakumbh of faith, Himachal's major temples grab headlines, setting records for monetary offerings in the name of devotion. Everyone's path passes through the fulfillment of a vow; wealth kisses your feet upon reaching your court. These days, with the influx of devotees to Nainadevi, Chintpurni, Bala Sundari, and Chamunda Devi, the scales of devotion reveal that requests are sacrificed during the circumambulation of the temples. Someone offered a gold set to Nainadevi, while another placed gold on a parasol. The weight of gold and silver brought honor to the construction work when a procession of vows came to Chamunda Devi. While the receipts of offerings from devotees enrich the temple treasuries, whenever a devotee, immersed in their devotion, offers gold or silver in the fulfillment of a vow, the flow of the world, the wave of faith, and the boundless power of contribution are revealed. Clearly, temples are enriching traditions by demonstrating their economic potential, but the structure of the temple system is lacking adequate reform. Many resolutions are captured in the zoo of suggestions, but the temple's spirit, or rather, the sentiments of devotion, are not reflected in the plans and projects. In fact, every temple trust remains a political camp. The blueprints for amenities remain a mere abode for VIP gatherings. Ultimately, why haven't the temple's offerings been understood by the temple complex? What prevents us from skewing income and expenditure in favor of devotees? We should transform major centers of faith into the chariots of economic development for religious tourism. Proper and goal-oriented management of the temple system under the Temple Development and Management Development Authority will ensure financial discipline.

This will develop a permanent cadre and roadmap for the temple system. Looking at the budgetary provisions for temples, it seems that a political game is brewing here, or they are simply seen as platforms for the MLA's whims and fancies, under the jurisdiction of the constituency. The details of the temple's devotion inspire us, and if we draw on examples of its functioning, the granting of vows contributes significantly to the development of almost every temple. The Chamunda Temple's development tradition reached another milestone when the complex's construction, enhanced by a substantial donation from a devotee from a neighboring state, began to enhance its strength and aesthetic appeal. Clearly, the expansion of temples should aim to develop religious towns. If our plans incorporate the dignity and economic potential of temples within a ten- to fifteen-kilometer radius, Chintpurni, Deotsidh, Balasundari, Nainadevi, Kangra, Jwalaji, and Chamunda Devi will emerge as religious towns in the state, and the current religious tourism economy through these towns could reach five thousand crore rupees. Ironically, the increasing number of devotees leads to a breakdown in management, and the cleanliness and treatment of devotees in major complexes deteriorates. Standardizing prasad, puja materials, literature, and related gift items within temples, and establishing the production of incense, agarbatti, roti, and trees as an industry in these religious cities, will broaden the path to development. By expanding the singing tradition within temples, these should be transformed.

Attacking the Credibility of Constitutional Institutions

The Congress party and its coalition, led by Rahul Gandhi, adopted the strategy of questioning the functioning of constitutional institutions to challenge the legitimacy of the Modi government from its first term. Questions are being raised about the credibility of constitutional institutions. The Election Commission, the judiciary, and the National Security Agency (NTA) face a crisis of credibility. Restoring credibility is essential for democracy and the economy. The credibility of national institutions is like a pearl and a human's hair; once lost, it cannot be restored. Especially the credibility of constitutional and regulatory institutions, on which the edifice of democracy rests. Maintaining their credibility is essential for national stability. However, in a democracy, power can be achieved only in two ways: by exposing the government's failures and presenting better policies to the public, or by questioning the legitimacy of the constitutional institutions that support the country. This seems to be the opposition's strategy. Its aim is to create doubt in the public's minds about the decisions of constitutional institutions without presenting facts and evidence. Just as in court, the defense casts doubt on the prosecution's allegations. He hopes that the public, like a jury, will do the rest, making his path easier.

The Congress and its alliance, led by Rahul Gandhi, adopted the strategy of questioning the functioning of constitutional institutions to challenge the Modi government's legitimacy from its first term. On demonetization and the Rafale aircraft deal with France, the opposition accused the Comptroller and Auditor General (CAG) of releasing audit reports to suit the government. Despite no evidence of bribery in the Rafale deal, Rahul Gandhi not only continued to raise slogans like "The Watchman is a Chor" (the watchman is a thief) but also tried to give the impression that the Supreme Court agreed with his allegations. Controversy then arose over the nomination of former Chief Justice Ranjan Gogoi to the Rajya Sabha, which was described as a reward for his decision in the Ram Mandir case. The government attempted to defend itself by recalling past decisions, such as the election of Ranganath Mishra to the Rajya Sabha, but it is difficult to say how much this dispelled doubts about the Supreme Court's credibility.

India is among the handful of major democracies in the world where an institution like the Election Commission conducts all national elections and functions autonomously. Therefore, it is natural for the Election Commission to become a target of opposition frustrated by repeated or unexpected defeats. It is worth noting that until 2023, Election Commissioners were appointed on the recommendation of the Prime Minister and his Cabinet, leading to accusations of the Commission acting under government pressure. In March 2023, a five-member Supreme Court bench abolished the practice of government-recommended appointments and formed a three-member interim committee for appointments, consisting of the Chief Justice, the Prime Minister, and the Leader of the Opposition in the Lok Sabha. In December of that year, the Modi government passed a bill replacing the Chief Justice on this committee with a Cabinet Minister nominated by the Prime Minister. This move by the government became the root of the opposition's suspicions about the Election Commission's impartiality.

In such a climate, the lack of transparency in the SIR process for the purification of voter lists before elections in politically important states like Bihar, Bengal, and Uttar Pradesh added fuel to the fire of suspicion. In a democracy, preventing illegal voting is as crucial to the validity of the mandate as ensuring the right to vote for legitimate voters. The Commission has yet to provide a figure for the number of illegal voters and infiltrators among the deleted names, excluding the deceased and displaced. However, thousands of legitimate voters have been deleted, including many prominent individuals. Doubts remain about whether the three commissioners agreed to the additional information clause for certifying eligibility in the online voter registration form, and about how many forms one could fill to have their name deleted from the list.

It is unclear why the Commission remains silent despite knowing that the credibility of the mandate rests on its credibility, and the credibility of the government depends on the credibility of the mandate, without which no government can carry out normal operations, let alone institute reforms.

This credibility crisis is not limited to the Election Commission and the Supreme Court. The opposition's uproar and sloganeering in Parliament prevent any meaningful discussion on the country's pressing challenges and problems, let alone the economic and social reforms necessary for the country. How can the dream of a developed nation be realized? The credibility of the NTA, the testing agency formed for national entrance examinations, has been tarnished due to its inability to prevent paper leaks. Following a report by speculative company Hinderson on alleged irregularities within the Adani Group, the stock market regulator SEBI was targeted, and the SEBI chief's resignation was demanded. Adani Group shares recovered within a year, but since this controversy, foreign investors have been steadily withdrawing funds from Indian markets. Perhaps the primary reason for their loss of confidence may have been the BJP's failure to secure a majority in 2024 or Trump's tariff war, but credibility and trust are inextricably linked.

If the opposition's strategy is to undermine the credibility of the government and its institutions, the government must take steps to restore it, as this loss of credibility undermines the trust of both the public and investors. Loss of trust increases the risk of investment and the rupee falling, capital becoming expensive, inflation rising, and instability, which could derail development. Protecting and restoring the credibility of constitutional institutions The government has a responsibility to do this. If it wishes, it can resolve the SIR's work transparently, dissolve Parliament and state assemblies, and hold simultaneous elections using EVMs and ballot papers, thereby restoring the credibility of the Election Commission and the mandate and eliminating the hassle of frequent elections. Referendums could be held on issues such as the National Register of Citizens, the Uniform Civil Code, and economic reforms.

Europe Heading Toward a Major Crisis

Europe's problems aren't limited to law and order, but also have deeper economic and political causes. The violence in France has exposed Europe's deep social discontent. Economic difficulties, inflation, and inequality are the primary causes. Governments must address fiscal balance and social needs. Europe is currently facing deep social discontent due to economic difficulties, rising inequality, and political polarization. This was evident in the widespread violence that erupted in France recently. Protests that began as protests against the lack of facilities in schools and the declining quality of public services gradually transformed into a broader movement against inflation, the housing crisis, and the decline in living standards for ordinary people. Incidents of violence, arson, and looting transformed the entire movement. Shops, restaurants, and public buildings were targeted.

In addition to France, reports of protests and violent incidents have also emerged in Italy, Belgium, Portugal, and Albania. This clearly demonstrates that Europe's problems aren't limited to law and order, but have deeper economic and political causes. President Emmanuel Macron has promised strict action against the perpetrators. However, if the government considers the protests merely a law and order problem, it will ignore the economic and social reasons that prompted such large crowds to take to the streets.

This discontent also has its roots in the growing gap between ordinary citizens' expectations and their economic situation. Inflation, inadequate wages, expensive housing, and the declining quality of public services have increased.

बरेली-मुरादाबाद MLC चुनाव: भाजपा और सपा के बीच सीधा मुकाबला

बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन में मुरादाबाद जिले में सुबह 10 बजे तक 15.03 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुनय झा ने विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान कराने के निर्देश दिए। बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन में मुरादाबाद जिले में मतदान की शुरुआत धीमी रही। जिले के 12 बूथों पर शुक्रवार सुबह आठ बजे मतदान शुरू हुआ।

पहले दो घंटे में सुबह 10 बजे तक 15.03 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

जिले में तहसील मुरादाबाद सदर के कक्ष संख्या एक, दो और तीन सहित सदर ब्लॉक परिसर और मंडी समिति मझोला समेत निर्धारित बूथों पर मतदान कराया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुनय झा ने कई बूथों पर पहुंचकर मतदान प्रक्रिया और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदान निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया जाए। साथ ही मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने और निर्वाचन प्रक्रिया पर लगातार निगरानी बनाए रखने को कहा। बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी चुनाव के लिए मतदान शुरू हो गया है, जिसमें 7696 शिक्षक मतदाता 17 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। भाजपा के डॉ. हरि सिंह ढिल्लों और सपा के हाजी दानिश अख्तर के बीच मुख्य मुकाबला है, जबकि दोपहर 12 बजे तक 38.58% मतदान दर्ज किया गया।शाम चार बजे तक पड़ेंगे वोट, 7696 शिक्षक मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग, सीसीटीवी और वीडियोग्राफी से निगरानी बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी चुनाव के लिए शुक्रवार सुबह आठ बजे से मतदान शुरू हो गया। जिले के 12 मतदान केंद्रों पर शाम चार बजे तक वोट डाले जाएंगे। चुनाव में कुल 7696 शिक्षक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

सदर तहसील में बने बूथ संख्या 76 पर केजीके इंटर कालेज में प्रवक्ता श्रीपाल सिंह ने पहला वोट डाला जबकि शिक्षक राम प्रकाश ने दूसरा वोट डाला। चुनाव मैदान में 17 प्रत्याशी हैं।

मतदान को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा के साथ निगरानी के भी पुख्ता इंतजाम किए हैं। मतदान प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

इसके साथ ही वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान अधिकारी सुबह से ही अलर्ट मोड में हैं। मतदान के दौरान किसी तरह की शिकायत या समस्या आने पर तत्काल कार्रवाई के लिए निर्वाचन कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।भोजपुर धर्मपुर में सर्वाधिक 57.97 प्रतिशत मतदान, मूंढापांडे दूसरे स्थान पर

दोपहर 12 बजे तक जिले के 12 मतदान केंद्रों पर कुल 38.58 प्रतिशत मतदान हुआ। भोजपुर धर्मपुर स्थित क्षेत्र पंचायत कार्यालय मतदान केंद्र पर सर्वाधिक 57.97 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।यहां कुल 395 मतदाताओं में से 229 ने वोट डाले। इनमें 290 पुरुष मतदाताओं में से 174 और 105 महिला मतदाताओं में से 55 ने मतदान किया। मूंढापांडे क्षेत्र पंचायत कार्यालय 49.07 प्रतिशत मतदान के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

यहां 216 मतदाताओं में से 106 ने वोट डाले। कृषि उत्पादन मंडी समिति मझोला में 48.04 प्रतिशत मतदान हुआ। यहां 968 मतदाताओं में से 465 ने मतदान किया।

कांठ रोड स्थित तहसील कार्यालय के कक्ष संख्या एक में 47.95 प्रतिशत और डिलारी क्षेत्र पंचायत कार्यालय में 46.31 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

सबसे कम 26.42 प्रतिशत मतदान कांठ तहसील कार्यालय में हुआ। जिले में कुल 7696 मतदाताओं में से 2969 ने दोपहर 12 बजे तक मतदान किया। इनमें 1622 पुरुष और 1347 महिला मतदाता शामिल हैं। भाजपा-सपा के प्रत्याशियों के बीच मुकाबला- चुनाव में भाजपा से डॉ. हरि सिंह ढिल्लों और सपा से हाजी दानिश अख्तर मैदान में हैं। इनके अलावा 15 निर्दलीय प्रत्याशी भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।निर्दलीय प्रत्याशियों में नरेश कुमार शर्मा, नाज रिजवी, नेत्रपाल, बहार आलम, रमेश चंद्र, राजकुमार सिंह, कैप्टन डा. राजीव कुमार चौहान, डा. राजेंद्र कुमार गंगवार, रेनू मिश्रा, रोहिल अल्ताफ, विद्युत कुमार, विमलेंद्र कुमार शर्मा विमल, गुरुजी संजय कुमार मिश्र, डा. सुनीत गिरि और हरेंद्र सिंह शामिल हैं। डॉ. सुनीत गिरि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के शर्मा गुट से जुड़े हैं, जबकि विमलेंद्र कुमार शर्मा विमल माध्यमिक शिक्षक संघ के चेतनारायण गुट से हैं।

आजम खान की जौहर यूनिवर्सिटी को झटका, डीएम से रिकॉर्ड मंगाने की अर्जी खारिज, प्रपत्र जमा करने को मिला आखिरी मौका

सपा नेता आजम खां की जौहर यूनिवर्सिटी के 38 भवनों के ध्वस्तीकरण आदेश मामले में कमिश्नर कोर्ट में सुनवाई हुई। विश्वविद्यालय के अधिवक्ता ने 27 ब्लाकों के नक्शे जमा किए, लेकिन डीएम से रिकॉर्ड मंगाने की अर्जी खारिज हो गई, और उन्हें प्रपत्र जमा करने का आखिरी मौका मिला।सपा के राष्ट्रीय महासचिव आजम खां के रामपुर स्थित जौहर विश्वविद्यालय के 38 भवनों के ध्वस्तीकरण आदेश प्रकरण में गुरुवार को कमिश्नर संगीता सिंह की कोर्ट में सुनवाई हुई। विश्वविद्यालय के अधिवक्ता जुनैद एजाज की ओर से 17 भवनों के मानचित्र न्यायालय

में दिये गए तथा शेष प्रपत्र एकत्र कर पेश करने के लिए एक माह का समय मांगा गया।

साथ ही आवेदन पत्र दिया कि न्यायालय सीधे डीएम से रिकार्ड तलब करे जिसे कमिश्नर कोर्ट ने खारिज कर दिया। प्रपत्र पेश करने के लिए बार-बार समय मांगे जाने का जिला शासकीय अधिवक्ता मंडलीय न्यायालय दिनेश चौहान ने विरोध किया।कहा कि आखिर कब तक समय लिया जाएगा। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने विश्वविद्यालय के अधिवक्ता को प्रपत्र के लिए एक माह का समय समय दिया।

शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि कोर्ट ने विश्वविद्यालय के अधिवक्ता को प्रपत्र पेश किये जाने का अंतिम अवसर दिया है। प्रकरण में अगली सुनवाई के लिए 23 नवंबर की तारीख तय की गई है।

रामपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) के उपाध्यक्ष व रामपुर के डीएम ने 15 जुलाई को जौहर विश्वविद्यालय के 40 भवनों में 38 को अवैध ठहराया था। जिसके खिलाफ विश्वविद्यालय प्रबंधन के अधिवक्ता की ओर से कमिश्नर कोर्ट में 20 जुलाई को अपील दायर की गई थी।27 जुलाई को सुनवाई करते हुए तत्कालीन कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह ने ध्वस्तीकरण आदेश पर सुनवाई चलने तक रोक लगा दी थी। इसके बाद से एक के बाद एक सात तारीखें लग चुकीं हैं। गुरुवार को सुनवाई के बाद आठवीं तारीख लगी।

सावधान! लाल चटनी और दाल में केमिकल वाले रंगों का हो रहा इस्तेमाल, जांच में दो नमूने फेल

मुरादाबाद के गुलाबबाड़ी चुंगी क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा विभाग ने 20 नमूनों की जांच की, जिसमें लाल चटनी और दाल के दो नमूने मानकों पर खरे नहीं उतरे।खाद्य सुरक्षा विभाग ने 20 नमूनों की जांच की।

लाल चटनी और दाल के दो नमूने फेल हुए। कारोबारियों को स्न्नस्स्न्ढ्ढ नियमों की जानकारी दी गई।गुलाबबाड़ी चुंगी क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा विभाग के जांच अभियान के दौरान 20 खाद्य नमूनों की जांच की गई, जिनमें दो नमूने निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं मिले।

लाल चटनी में रंग और दाल में रंग से संबंधित अनियमितताएं सामने आईं। हालांकि, विभाग की ओर से यह स्पष्ट नहीं किया गया कि नमूनों में किस प्रकार के रंग का इस्तेमाल किया गया था।

अभियान के दौरान 23 खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता संबंधी नियमों की जानकारी दी गई। उन्हें निर्देश दिए गए कि खाद्य सामग्री और उसके घटकों की खरीद केवल भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआइ) से लाइसेंस प्राप्त स्रोतों से ही करें।

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में गांगन नदी पर बनेगा 29 करोड़ का पुल, 20 गांवों की बदलेगी तस्वीर

मुरादाबाद में गांगन नदी पर 29 करोड़ रुपये की लागत से पुल का भूमि-पूजन किया गया, जिससे 20 गांवों को सीधा सड़क संपर्क मिलेगा।गांगन नदी पर 29 करोड़ का पुल निर्माण शुरू। 20 गांवों को मिलेगा सीधा सड़क संपर्क, यात्रा आसान। चार दशक पुरानी मांग हुई पूरी, विधायक ने किया भूमि-पूजन।गांगन नदी पर पुल की चार दशक पुरानी मांग अब पूरी होगी। गुरुवार को विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने जैतिया फिरोजपुर से जैतिया सादुल्लापुर मार्ग पर 29 करोड़ 7 लाख 74

हजार रुपये की लागत से बनने वाले पुल का भूमि-पूजन किया। पुल के साथ पहुंच मार्ग और सुरक्षात्मक कार्य भी कराए जाएंगे। इससे मूंढापांडे और कुंदरकी विकासखंड के करीब 20 गांवों को सीधा सड़क संपर्क मिलेगा। स्थायी पुल नहीं होने से ग्रामीणों को नदी पार करने के लिए अस्थायी लकड़ी के पुल का सहारा लेना पड़ता था। बरसात में नदी का जलस्तर बढ़ने पर रास्ता बंद हो जाता था और लोगों को करीब 20 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता था।विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने बताया कि उन्होंने विधानसभा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष इस मांग को प्रमुखता से उठाया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में शासन से परियोजना को स्वीकृति मिली। इस अवसर पर भूमि पूजन कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, सेतु निगम व लोक निर्माण विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

अपंजीकृत कृषि रसायनों की बिक्री पर रोक लगाने के निर्देश

रामपुर। जिले में अपंजीकृत कृषि रसायनों की खरीद-बिक्री को लेकर कृषि रक्षा विभाग ने किसानों और विक्रेताओं को सावधान किया है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने साइक्लोसिन और साइक्लोसिनोन नाम से बिकने वाले उत्पादों का इस्तेमाल न करने की अपील की है। इनमें इलोक्सा, साइक्लोसिनोन और हारब्लेड ग्रैन्यूलर जैसे उत्पाद शामिल हैं।उन्होंने किसानों से कहा कि कीटनाशी और शाकनाशी केवल अधिकृत विक्रेताओं से खरीदें। खरीदते समय उत्पाद का लेबल, पंजीकरण विवरण, निर्माता का नाम, बैच नंबर और बिल जरूर जांचें। बिना उचित जानकारी और अनुशंसा के किसी कृषि रसायन का इस्तेमाल न करें। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने विक्रेताओं को ऐसे उत्पादों की बिक्री, वितरण, भंडारण और प्रचार-प्रसार तत्काल रोकने के निर्देश दिए हैं।

लोअर सैंजनी बैराज से 38 साल बाद 26 गांवों के किसानों को मिलेगा नहरी पानी

बिलासपुर। तहसील क्षेत्र में 1988 से क्षतिग्रस्त होकर बंद पड़े लोअर सैंजनी बैराज के दोबारा चालू होने से किसानों की 38 साल पुरानी सिंचाई समस्या खत्म होने वाली है। बृहस्पतिवार को राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने बैराज एवं नहर प्रणाली के पुनर्स्थापना कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता और समय सीमा की विस्तृत जानकारी ली। राज्यमंत्री ने कहा कि किसानों को पर्याप्त और सुचारु सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। लोअर सैंजनी बैराज क्षेत्र के किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण परियोजना है। 1988 में क्षतिग्रस्त होने के बाद से बंद पड़े होने के कारण क्षेत्र के किसान लंबे समय से सिंचाई संकट झेल रहे थे। 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद किसानों के हितों को देखते हुए इस उपेक्षित परियोजना को फिर से आगे बढ़ाया गया।उन्होंने बताया कि पुनरीक्षित परियोजना की कुल लागत करीब 8,598.48 लाख रुपये आकलित है। परियोजना के तहत नहर प्रणाली की कुल निस्तारण क्षमता 35.20 क्यूसेक और कुल लंबाई 28.60 किलोमीटर है। दोनों ओर की नहरों के माध्यम से किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाया जाएगा।बैराज चालू होने से तहसील के 26 गांवों के करीब 8,500 किसानों के खेतों तक नहरी पानी पहुंचेगा और 1,881 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी। नहर का पानी मिलने से पैदावार बढ़ेगी, डीजल पंप और महंगी सिंचाई पर खर्च घटेगा तथा खेती की लागत कम होगी। साथ ही क्षेत्र में हरियाली बढ़ेगी और भूजल स्तर में भी सुधार होगा। राज्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों का पूरा पालन किया जाए और किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए। शेष कार्यों को प्राथमिकता पर पूरा कर दो से तीन माह के भीतर नहरों में पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।उन्होंने कहा कि निर्माण पूरा होने के बाद बैराज का नाम महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद ऊधम सिंह के नाम पर रखने का प्रस्ताव सरकार को भेजा जाएगा। साथ ही सभी दलों के जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे बैराज का निरीक्षण करें और कोई कमी दिखने पर सकारात्मक सुझाव दें, ताकि सुधार कराया जा सके। इस मौके पर एसडीओ नहर नंद लाल आर्य, विवेक सक्सेना, जेई वीर सिंह आदि मौजूद रहे।

सफाई कर्मियों का शोषण बर्दाश्त नहीं, दो नवंबर को लखनऊ में भरेंगे हुंकार

रामपुर। सफाई कर्मचारी संघर्ष संयुक्त मोर्चा ने ठेका, संविदा और स्थायी सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर 2 नवंबर को लखनऊ में प्रदेश स्तरीय धरने का आह्वान किया है। इसकी तैयारियों के लिए नगर पालिका परिषद में उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ की सभा हुई। वक्ताओं ने ठेके पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों के साथ अन्याय का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि उनसे निर्धारित कार्यों के अलावा भी सफाई कार्य कराया जाता है। कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान और हितों की रक्षा के लिए संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। जिला महामंत्री संजय समर्पित और नगर अध्यक्ष प्रेम राज ने कर्मचारियों से एकजुट रहने का आह्वान किया। 2 नवंबर को लखनऊ में होने वाले धरने में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई। सभा में मनीष कठारिया को उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ का जिला प्रभारी मनोनीत किया गया। सभा की अध्यक्षता बाबू लाल कौशल ने की।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

शिक्षक निर्वाचन मतदान केंद्रों पर DM-SSP ने किया दौरा, पोलिंग बूथों पर रहा हाई अलर्ट

@ क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली (पं सत्यम शर्मा)। बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन-2026 के मतदान दिवस पर डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने संयुक्त रूप से मोर्चा संभाला। दोनों शीर्ष अधिकारियों ने शहर के आधा दर्जन प्रमुख मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की नब्ज टटोली।

निरीक्षण के मुख्य बिंदु- सघन पड़ताल- अफसरों ने श्री गुरु नानक रिक्की सिंह इंटर कॉलेज, एमबी, तिलक, मौलाना आजाद और जीजीआईसी मतदान केंद्रों पर पहुंचकर सुरक्षा

और मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। कड़े निर्देश- डीएम ने अधिकारियों को चेताया कि चुनाव आयोग की गाइडलाइंस का शत-प्रतिशत पालन हो। मतदान पूरी तरह निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी रहना चाहिए। मतदाताओं की सुविधा- मतदान कर्मियों को सख्त हिदायत दी गई कि वोटरों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और ड्यूटी पर तैनात हर कर्मी पूरी सतर्कता बरते। इस दौरान एडीएम सिटी डॉ. अविनाश त्रिपाठी सहित तमाम सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

फर्जी मार्कशीट और नकली मुहर बनाने वाले का बारादरी पुलिस ने किया भंडाफोड़, शातिर गिरफ्तार

@ क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली।(पं सत्यम शर्मा)चंद रुपयों की खातिर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले फर्जी डिग्री रैकेट पर बारादरी पुलिस ने बड़ा प्रहार किया है। पुलिस ने फर्जी मार्कशीट, कूटरचित दस्तावेज और नकली मुहरें तैयार करने वाले शातिर जालसाज प्रदीप कुमार गंगवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से विभिन्न विश्वविद्यालयों की 21 फर्जी मार्कशीट, 6 सर्टिफिकेट, 11 नकली मुहरें, नकदी और स्कूटी बरामद हुई है। 50 हजार लेकर 6 माह में दे दी 3 साल की डिग्री- पंजाब (संगरूर) निवासी राहुल सिंह ने बारादरी पुलिस को ईमेल के जरिए शिकायत दी थी कि बीए में एडमिशन कराने के नाम पर प्रदीप ने उनसे 50,000 लिए

और महज 6 महीने में तीन साल की बीए की मार्कशीट थमा दी। पड़ताल में डिग्री फर्जी निकली। जब पीड़ित ने पैसे वापस मांगे, तो आरोपी ने उसका नंबर ब्लॉक कर दिया। मुखबिर की सूचना पर दबोचा गया जालसाज- जांच और सर्विलांस के आधार पर बारादरी पुलिस टीम ने वंश अस्पताल के पीछे, रेलवे ग्राउंड के पास घेराबंदी कर आरोपी प्रदीप कुमार गंगवार आनंद विहार, बारादरी को धर दबोचा। डेस्टिनी एजुकेशन सेंटर की आड़ में चल रहा था खेल- पूछताछ में आरोपी ने कबूला कि वह बरेली में डेस्टिनी एजुकेशन सेंटर चलाता है। उसने नोएडा निवासी रामचरण के साथ मिलकर बैकडेटेड मार्कशीट और फर्जी डिग्रियों का यह काला कारोबार शुरू किया था। आरोपी के खिलाफ बीएनएस की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

संक्षिप्त समाचार

29 अक्टूबर को आलमपुर जाफराबाद में सजेगा रोजगार का महामंच, 30 कंपनियां देंगी 3000 नौकरियां

@ क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली (पं सत्यम शर्मा)। जिले के शिक्षित और बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार पाने का बेहतरीन अवसर सामने आया है। विधानसभा क्षेत्र 126-बिथरी चैनपुर के तहत क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय की ओर से 29 अक्टूबर 2026 को एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह रोजगार मेला खण्ड विकास कार्यालय, आलमपुर जाफराबाद के परिसर में सुबह 10ः00 बजे से शुरू होगा। इस मेले का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं को सीधे निजी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों से जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराना है। ?30 कंपनियां करेंगी 3000 पदों पर सीधी भर्ती-प्रशासन के अनुसार, इस महामेले में निजी क्षेत्र की करीब 30 नामी कंपनियां और नियोजक हिस्सा लेंगे। विभिन्न सेक्टरों में कुल 3000 रिक्त पदों के लिए मौके पर ही साक्षात्कार और चयन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। मेले में जिले भर से लगभग 2500 बेरोजगार अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना जताई गई है।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को मेले की सभी तैयारियां समय से पूरी करने और अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे समय पर पहुंचकर अपने शैक्षिक दस्तावेजों के साथ इस अवसर का पूरा लाभ उठाएं।

मां काली मंदिर में राम दरबार स्थापना के बाद विशाल भंडारा, उमड़े श्रद्धालु

@ क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली। फतेहगंज पश्चिमी। कस्बे के मोहल्ला माली स्थित प्राचीन मां काली मंदिर परिसर में श्रीराम दरबार की स्थापना के बाद शुक्रवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्ति और उल्लास का माहौल रहा। सुबह से ही मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी।मंदिर में राम दरबार की स्थापना के बाद माता रानी के भक्तों ने विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में कस्बा फतेहगंज पश्चिमी सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं में हलवा, चना और पूड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर परिसर में दिनभर भक्तों

का आना-जाना लगा रहा।भंडारे के आयोजन में नंद किशोर गुप्ता, बब्लू गुप्ता, भगवान दास गुप्ता, सुनील गुप्ता, शंकर लाल गुप्ता, ललित गुप्ता, नीरज गुप्ता उर्फ पेंटर, आर्यन गुप्ता, सुमन गुप्ता, सुषमा गुप्ता, सुनीता गुप्ता, रचना गुप्ता, रोली गुप्ता सहित अन्य माता रानी के भक्तों का विशेष सहयोग रहा। सभी ने मिलजुल कर भंडारे को सफल बनाने में योगदान दिया।

फतेहगंज पश्चिमी में सनसनीखेज वारदात: संपत्ति विवाद और शराब पीने की आदत से खफा छोटे भाई ने की दीपचंद्र की हत्या

@ क्यूँ न लिखूँ सच

फतेहगंज पश्चिमी। गांव कुरतरा में संपत्ति विवाद के चलते छोटे भाई के द्वारा गला दबाकर और चाकू से हमला करके दीपचंद्र की हत्या के मामले में शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी सतीश के लिए कोर्ट में पेशी के बाद जेल भेज दिया।आरोपी ने हत्या के अपराध को स्वीकार कर लिया है।उसकी निशान देही पर पुलिस ने डंडा और छोटा चाकू बरामद कर लिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीन कुमार ने बताया गांव कुरतरा निवासी विकलांग दीपचंद्र (41) मंगलवार रात को कस्बा का मेला देखकर घर आने के बाद अपने कमरे में सो गया था।आधी रात के बाद उसके

सगे छोटे भाई सतीश ने छोटे चाकू से हमला करके और डंडे से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।सुबह को सबसे छोटे भाई सुधीश की पत्नी पूजा चाय देने गई तब हत्या की जानकारी हुई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया था।फील्ड यूनिट टीम ने भी जांच पड़ताल करके सबूत जुटाए थे।दो बीघा जमीन दीपचंद्र के पास थी।दूसरा अपने कमरे में दीप चन्द्र अपने साथ के लोगों के साथ शराब पिता और पिलाता था।इसको लेकर सतीश उससे रंजिश मानता था।पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके शुक्रवार को कोर्ट में पेश कर दिया।कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया।पुलिस ने उसकी निशान देही पर हत्या में प्रयुक्त किया गया डंडा और चाकू को बरामद कर लिया है। भाई की हत्या करने की आरोपी सतीश के चेहरे पर कोई पछतावा नहीं था। सीओ देवेश सिंह ने बताया आरोपी को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया गया था।सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोषी मानते हुए उसे जेल भेज दिया।

शिक्षक एमएलसी चुनाव में पड़े 83.95 फीसद वोट

फतेहगंज पश्चिमी। बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच 83.95 फीसद मतदान

हुआ। शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान की प्रक्रिया सुबह आठ बजे से शुरू हुई, जो शाम चार बजे तक चलती रही। एसडीएम ने मतदान स्थलों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेती रही। कुल 162 मे से 136 शिक्षक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 91 पुरुष और 45 महिलाओं ने अपने-अपने मत अधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट भी मतदान की गतिविधियों का जायजा लिया। मतदान के दौरान मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला। ब्लॉक परिसर के पास में भाजपा प्रत्याशी और सपा प्रत्याशी एवं निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपने-अपने कैंप लगाकर अपने-अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के लिए लोगों के लिए जागरूक किया।।

शिक्षक एमएलसी चुनाव में 72.02 फीसदी मतदान, 27 अक्टूबर को खुलेगा प्रत्याशियों की किस्मत का पिटारा

@ क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली। (ब्यूरो)बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) चुनाव में शुक्रवार को मतदान संपन्न हो गया। बरेली जिले में 72.02 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। कुल 6,763 पंजीकृत मतदाताओं में से 4,871 शिक्षकों ने वोट डाले। शाम चार बजे मतदान समाप्त होने के बाद मतपेटियों को सील कर दिया गया।

अब चुनावी नतीजों के लिए 27 अक्टूबर तक इंतजार करना होगा, जब मतगणना के बाद प्रत्याशियों की हार-जीत की तस्वीर साफ होगी।इस बार चुनाव में भाजपा के निवर्तमान एमएलसी डॉ. हरि सिंह ढिल्लो और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी मोहम्मद दानिश अख्तर के बीच प्रमुख मुकाबला रहा। दोनों पक्षों की निगाहें शिक्षक मतदाताओं के समर्थन पर टिकी थीं। मतदान पूरा होने के बाद अब राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच परिणाम को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं।अमरोहा निवासी डॉ. हरि सिंह ढिल्लो पेशे से बीएएमएस चिकित्सक हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत जनता दल से की थी। बाद में वह चौधरी अजित सिंह के साथ जुड़े और फिर भाजपा में शामिल हो गए। शिक्षक एमएलसी का चुनाव जीतने के बाद वह विधान परिषद पहुंचे। इस चुनाव में वह एक बार फिर अपनी सीट बरकरार रखने के इरादे से मैदान में उतरे।दूसरी ओर, बिजनौर निवासी मोहम्मद दानिश अख्तर कीरतपुर के एक इंटर कॉलेज में शिक्षक हैं। वह लंबे समय से शिक्षकों से जुड़े मुद्दों को उठाते रहे हैं। पिछले चुनाव में उन्होंने अटेवा के बैनर तले निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था। इस बार सपा के प्रत्याशी के तौर पर उन्होंने चुनावी मुकाबले में अपनी दावेदारी पेश की।चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन सतर्क रहा। जिले को छह सुपर जोन, दस जोन और 22 सेक्टरों में बांटकर अधिकारियों की तैनाती की गई थी। मतदान केंद्रों पर पीठासीन अधिकारियों और मतदान कर्मियों के साथ पुलिस बल, माइक्रो ऑब्जर्वर तथा वीडियोग्राफर मौजूद रहे। प्रत्येक बूथ पर एक उपनिरीक्षक और दो सशस्त्र पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। मतदान कक्ष में मोबाइल फोन ले जाने पर प्रतिबंध रहा।मतदान के दौरान प्रेमनगर थाना क्षेत्र स्थित एमबी इंटर कॉलेज के केंद्र पर सपा नेताओं ने हंगामा किया। उन्होंने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों पर पक्षपात का आरोप लगाया। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने स्थिति को संभाला और मतदान प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। इसके बाद निर्धारित समय पर मतदान संपन्न करा लिया गया।अब 27 अक्टूबर को होने वाली मतगणना पर सभी की निगाहें लगी हैं। इसी दिन तय होगा कि शिक्षक मतदाताओं ने एक बार फिर डॉ. हरि सिंह ढिल्लो पर भरोसा जताया है या मोहम्मद दानिश अख्तर को मौका दिया है।

प्रत्याशियों की किस्मत पिटारे में बंद, शिक्षक एमएलसी चुनाव में 72.02 फीसदी मतदान हुआ

@ क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली। (ब्यूरो)। बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) चुनाव में शुक्रवार को मतदान संपन्न हो गया। बरेली जिले में 72.02 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। कुल 6,763 पंजीकृत मतदाताओं में से 4,871 शिक्षकों ने वोट डाले। शाम चार बजे मतदान समाप्त होने के बाद मतपेटियों को सील कर दिया गया। अब चुनावी नतीजों के लिए 27 अक्टूबर तक इंतजार करना होगा, जब मतगणना के बाद प्रत्याशियों की हार-जीत की तस्वीर साफ होगी।इस बार चुनाव में भाजपा के निवर्तमान एमएलसी डॉ. हरि सिंह ढिल्लो और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी मोहम्मद दानिश अख्तर के बीच प्रमुख मुकाबला रहा। दोनों पक्षों की निगाहें शिक्षक मतदाताओं के समर्थन पर टिकी थीं। मतदान पूरा होने के बाद अब राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच परिणाम को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं।अमरोहा निवासी डॉ. हरि सिंह ढिल्लो पेशे से बीएएमएस चिकित्सक हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत जनता दल से की थी। ˙ वह चौधरी अजित सिंह के साथ जुड़े और फिर भाजपा में शामिल हो गए। शिक्षक एमएलसी का चुनाव जीतने के बाद वह विधान परिषद पहुंचे। इस चुनाव में वह एक बार फिर अपनी सीट बरकरार रखने के इरादे से मैदान में उतरे।दूसरी ओर, बिजनौर निवासी मोहम्मद दानिश अख्तर कीरतपुर के एक इंटर कॉलेज में शिक्षक हैं। वह लंबे समय से शिक्षकों से जुड़े मुद्दों को उठाते रहे हैं। पिछले चुनाव में उन्होंने अटेवा के बैनर तले निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था। इस बार सपा के प्रत्याशी के तौर पर उन्होंने चुनावी मुकाबले में अपनी दावेदारी पेश की।चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन सतर्क रहा। जिले को छह सुपर जोन, दस जोन और 22 सेक्टरों में बांटकर अधिकारियों की तैनाती की गई थी। मतदान केंद्रों पर पीठासीन अधिकारियों और मतदान कर्मियों के साथ पुलिस बल, माइक्रो ऑब्जर्वर तथा वीडियोग्राफर मौजूद रहे। प्रत्येक बूथ पर एक उपनिरीक्षक और दो सशस्त्र पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। मतदान कक्ष में मोबाइल फोन ले जाने पर प्रतिबंध रहा।मतदान के दौरान प्रेमनगर थाना क्षेत्र स्थित एमबी इंटर कॉलेज के केंद्र पर सपा नेताओं ने हंगामा किया। उन्होंने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों पर पक्षपात का आरोप लगाया। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने स्थिति को संभाला और मतदान प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। इसके बाद निर्धारित समय पर मतदान संपन्न करा लिया गया।अब 27 अक्टूबर को होने वाली मतगणना पर सभी की निगाहें लगी हैं।

बरेली एयरपोर्ट से हफ्ते में 14 राउंड ट्रिप, चार शहरों के लिए उड़ानें

@ क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली। (ब्यूरो)। सर्दियों में बरेली से हवाई सफर करने वालों के लिए चार शहरों के लिए उड़ानों की सुविधा मिलेगी। नए विंटर शेड्यूल में बरेली एयरपोर्ट

से दिल्ली, मुंबई, जेवर और बेंगलुरु के लिए सप्ताह में 14 राउंड ट्रिप निर्धारित की गई हैं। यानी सात दिनों में विमानों की कुल 28 बार आवाजाही होगी। रविवार को सबसे ज्यादा तीन राउंड ट्रिप संचालित होंगी, जबकि शनिवार को यात्रियों के पास केवल बेंगलुरु की उड़ान का विकल्प रहेगा। दिल्ली के लिए रविवार, मंगलवार और गुरुवार को उड़ान विंटर शेड्यूल के मुताबिक, दिल्ली के लिए रविवार, मंगलवार और गुरुवार को विमान संचालित होगा। इस रूट पर फ्लाइट का निर्धारित समय दोपहर 3ः35 बजे से शाम 4ः15 बजे तक है। बेंगलुरु के लिए मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को उड़ान मिलेगी। इस रूट पर विमान का समय दोपहर 1ः10 बजे से 1ः50 बजे तक निर्धारित है।

गैस रिसाव के बाद धमाका, मकान में मची तबाही, उखड़ गए दरवाजे और खिड़कियां

बरेली। (ब्यूरो)। जिले के शाही कस्बे में शुक्रवार सुबह गैस रिसाव के बाद हुए तेज धमाके से मकान में भारी नुकसान हुआ। धमाके से दरवाजे उखड़ गए, खिड़कियों के शीशे टूट गए और घर का सामान बिखर गया। चाय बना रही महिला गंभीर रूप से झुलस गई। उसे बरेली से दिल्ली रेफर किया गया है। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। कस्बा के मोहल्ला ठाकुर द्वारा निवासी उमेश चंद्रशर्मा के मकान में शुक्रवार सुबह करीब 5ः30 बजे अचानक तेज धमाका हुआ। आवाज इतनी तेज थी कि आसपास करीब 100 मीटर तक के लोगों ने इसे सुना।

मकान की छत की कड़ी टूटकर नीचे गिर गई। सोफा सेट पूरी तरह टूट गया। पांच कमरों की खिड़कियों के शीशे चटक गए और कई कमरों के दरवाजे उखड़कर गिर गए। जीने का दरवाजा भी काफी दूर जाकर गिरा। मकान से करीब 50 मीटर दूर स्थित थाने के कमरों के गेट भी धमाके से हिल गए।

शगुन वाटिका में सजा करवाचौथ मेला, 'नारी इन साड़ी' प्रतियोगिता में नवनीता जैन रहीं प्रथम

@ क्यूँ न लिखूँ सच

शिवपुरी। शहर के कमलागंज स्थित होटल शगुन वाटिका में महिला समन्वय एवं विश्व मांगल्य सभा के संयुक्त तत्वावधान में करवाचौथ मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'नारी की शान है साड़ी' थीम पर आधारित 'नारी इन साड़ी' सौंदर्य प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही। प्रतियोगिता में महिलाओं ने पारंपरिक साड़ियों में रैंप वॉक कर अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और भारतीय संस्कृति के प्रति लगाव का प्रदर्शन किया।
प्रतियोगिता में करीब 15 महिलाओं ने भाग लिया। इसमें नवनीता जैन ने प्रथम, कुमारी ऋतु ने द्वितीय और ग्वालियर की विनीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं रुपाली सोनी को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रथम विजेता को 5100 रुपये, द्वितीय को 3100 रुपये, तृतीय को 2100 रुपये तथा विशेष पुरस्कार के रूप में 1100 रुपये की राशि प्रदान की गई। पुरस्कार महिला समन्वय की अध्यक्ष डॉ. सुषमा पांडेय एवं विश्व मांगल्य सभा की अध्यक्ष विभा रघुवंशी ने वितरित किए।
मेले में आर्टिफिशियल ज्वेलरी, डिजाइनर सूट, साड़ियां, करवाचौथ पूजन सामग्री, गृह सज्जा के सामान और खानपान से संबंधित विभिन्न स्टॉल लगाए गए। शिवपुरी के साथ करेरा, झांसी, ग्वालियर और इंदौर से भी दुकानदार पहुंचे। इससे मेले में खरीदारी और उत्सव का माहौल बना रहा।
कार्यक्रम का विशेष आकर्षण साक्षी अग्रवाल की अपने दोनों बच्चों के साथ रैंप वॉक रही। उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों का ध्यान खींचा। इस दौरान दर्शकों से रैपिड सवाल भी पूछे गए और सही जवाब देने वालों को उपहार प्रदान किए गए।
प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. आकांक्षा गौड़, दीपा शर्मा और दिव्या व्यास शामिल रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत विश्व मांगल्य सभा के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। शांति गीत सुमन तिवारी और राधा सूर्यवंशी ने प्रस्तुत किया, जबकि मंच संचालन मणिका शर्मा ने किया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र तथा निर्णायकों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए।
आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ भारतीय परंपराओं और साड़ी की गरिमा को बढ़ावा देने का मंच उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम को सफल बनाने में दोनों संस्थाओं की पदाधिकारियों एवं सदस्यों का योगदान रहा। होटल शगुन वाटिका के संचालक गोपाल गौड़ का व्यवस्थाओं में विशेष सहयोग रहा। मीडिया कवरेज की जिम्मेदारी मीडिया प्रभारी आरती जैन ने संभाली।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान: कलेक्टर एवं एसपी ने ग्रामीणों से किया जनसंवाद, सुनीं समस्याएं, स्कूली बच्चों को दशहरा-दीपावली के महत्व की दी जानकारी

विदिशा। (हाकम सिंह रघुवंशी)मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत जिला कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी ने ग्राम पंचायत पुरागो साई, ग्यारसपुर के नवीन पंचायत भवन तथा ग्राम पंचायत सियासी में ग्रामीणों से जनसंवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान ग्रामीणों से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण पर जोर दिया गया। पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी ने सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न माध्यमों से प्राप्त जन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका निर्धारित समय सीमा में प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने तथा शिकायतों के निराकरण की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। जनसंवाद के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान एवं जनकल्याणकारी सेवाओं को सुलभ बनाने की दिशा में आवश्यक पहल की गई। इस दौरान डीएफओ श्री हेमंत यादव भी उपस्थित रहे।
जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक विदिशा ने स्कूली बच्चों से किया संवाद, दशहरा-दीपावली के महत्व की दी जानकारी
मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जिला कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी ग्राम पुरागो साई स्थित एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया। इस दौरान अधिकारियों ने बच्चों को दशहरा एवं दीपावली पर्व के महत्व, उनसे जुड़ी पौराणिक मान्यताओं तथा भारतीय संस्कृति और परंपराओं में इन त्योहारों के विशेष स्थान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने त्योहारों के पीछे निहित संदेशों से बच्चों को परिचित कराते हुए भारतीय संस्कृति एवं सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूक किया।
मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के माध्यम से प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण, जन शिकायतों के प्रभावी समाधान तथा शासकीय सेवाओं को आमजन तक बेहतर ढंग से पहुंचाने के साथ जनसंवाद को प्राथमिकता दी जा रही है।

यूपी एमएलसी चुनाव: स्नातक में 38.72 और शिक्षक निर्वाचन में 55.76 प्रतिशत वोटिंग, लखनऊ में औसत से कम मतदान

लखनऊ खंड की विधान परिषद स्नातक और शिक्षक निर्वाचन सीटों पर मतदान में शिक्षक सीट आगे रही। सात जिलों में स्नातक का औसत मतदान 38.72 प्रतिशत और शिक्षक सीट पर 55.76 प्रतिशत रहा। स्नातक में खीरी और शिक्षक निर्वाचन में रायबरेली अव्वल रहे, जबकि दोनों सीटों पर प्रतापगढ़ सबसे पीछे रहा।विधान परिषद की लखनऊ खंड स्नातक और शिक्षक निर्वाचन सीटों पर शुक्रवार को हुए मतदान में शिक्षक निर्वाचन के मतदाताओं ने अधिक उत्साह दिखाया। मंडल के सातों जिलों में स्नातक निर्वाचन सीट पर औसतन 38.72 प्रतिशत और शिक्षक निर्वाचन सीट पर 55.76 प्रतिशत मतदान हुआ। स्नातक निर्वाचन में खीरी 44.32 प्रतिशत मतदान के साथ पहले स्थान पर रहा। वहीं, शिक्षक निर्वाचन में रायबरेली में सबसे अधिक 63.14 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। दोनों सीटों पर प्रतापगढ़ सबसे पीछे रहा।
यहां स्नातक निर्वाचन में 31.24 प्रतिशत और शिक्षक निर्वाचन में 49.12 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।लखनऊ में औसत से कम मतदान- राजधानी लखनऊ में दोनों सीटों पर मतदान का प्रतिशत मंडल के औसत से कम रहा। यहां स्नातक निर्वाचन में 34.51 प्रतिशत और शिक्षक निर्वाचन में 43.72 प्रतिशत मतदान हुआ। लखनऊ में शिक्षक निर्वाचन के मुकाबले स्नातक निर्वाचन में 9.21 प्रतिशत अंक कम मतदान दर्ज किया गया।
स्नातक निर्वाचन में जिलावार मतदान- स्नातक निर्वाचन सीट पर खीरी में सर्वाधिक 44.32 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद सीतापुर में 41.04, रायबरेली में 40.23, बाराबंकी में 40.03 और हरदोई में 39.65 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। लखनऊ में 34.51 प्रतिशत और प्रतापगढ़ में सबसे कम 31.24 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले ।शिक्षक निर्वाचन में रायबरेली सबसे आगे शिक्षक निर्वाचन सीट पर रायबरेली 63.14 प्रतिशत मतदान के साथ पहले स्थान पर रहा। खीरी में 62.89, सीतापुर में 57.87, बाराबंकी में 56.37 और हरदोई में 52.21 प्रतिशत मतदान हुआ। प्रतापगढ़ में 49.12 प्रतिशत और लखनऊ में सबसे कम 43.72 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

शमशाबाद पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक सूर्य प्रकाश मीना जी का जन्मदिन निज निवास पर मनाया गया

विदिशा (हाकम सिंह रघुवंशी) भारतीय जनता पार्टी शमशाबाद एवं नटेरन क्षेत्र के कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक सूर्य प्रकाश मीना जी का जन्मदिन के उपलक्ष में उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई देने के लिए सुबह से बधाइयां देने के लिए शाम तक चला कार्यक्रम विधायक सूर्य प्रकाश मीणा जी के द्वारा सुबह सर्वप्रथम बजरंगबली के मंदिर में जाकर बजरंगबली को पुष्प माला पहनकर बजरंगबली से आशीर्वाद प्राप्त किया। फिर अपने निवास पर आने वाले एवं शुभकामनाएं देने वाले सभी अतिथियों का सम्मान किया ,एवं सभी ने उन्हें पुष्प माला पहनकर शुभकामनाएं और बधाइयां दी। नटेरन ,शमशाबाद से भारतीय श्रमजीवी पत्रकार महासंघ एवं प्रेस क्लब के साथियों द्वारा भी उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी।

संक्षिप्त समाचार

परीक्षा का जायजा लेने आएंगे आयोग के सदस्य

क्यूँ न लिखूँ सच / बदायूँ उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पी0ई0टी0) 2026 का आयोजन जनपद बदायूँ में 25 एवं 30 अक्टूबर तथा 01 नवंबर 2026 को किया जाएगा। परीक्षा प्रत्येक निर्धारित तिथि पर दो पालियों में आयोजित होगी। परीक्षा के सफल एवं सुचारु संचालन के लिए आयोग के सदस्य अखण्ड प्रताप सिंह 24 अक्टूबर के पूर्वाह्न में बदायूँ पहुँचकर 25 अक्टूबर के अपराह्न तक जनपद में प्रवास करेंगे तथा परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी/नोडल अधिकारी परीक्षा, नोडल पुलिस अधिकारी, मुख्य कोषाधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, जिला विद्यालय निरीक्षक, केंद्र व्यवस्थापक एवं प्रधानाचार्यों सहित संबंधित अधिकारियों तथा कार्यदायी संस्था के जिला प्रबंधक एवं प्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में परीक्षा आयोजित होगी।

थाना सिविल लाइन पुलिस नें एक वाछित अभियुक्त को भेजा जेल

क्यूँ न लिखूँ सच / जनपद बदायूँ में एसएसपी के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे वाछित अभियुक्त की गिरफ्तारी अभियान के अन्तर्गत आज थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 382/26 धारा 303(2) बीएनएस मे वांछित अभियुक्त अप्पी उर्फ करन पुत्र अतरपाल निवासी गली नं0-5 थाना सिविल लाइन बदायूं हाल पता इमली चौक ब्रहमपुरा थाना कोतवाली,को त्वरित कार्यवाही करते हुये 24 घण्टे मे चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये अभियुक्त को चोरी की गयी मोटर साइकिल स्प्लैण्डर रजि0 नं0 UP24BH7381 के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है गिरफ्तारी करने वाली टीम- उ0नि0 श्री भूप सिंह थाना सिविल लाइन मय टीम

फतेहगंज पश्चिमी के नजदीक शाही में धमाके से मकान क्षतिग्रस्त, महिला घायल

@ क्यूँ न लिखूँ सच

फतेहगंज पश्चिमी। क्षेत्र के नजदीकी कस्बा शाही में शुक्रवार सुबह करीब 5-40 बजे एक मकान में अचानक जोरदार धमाका होने से अफरा-तफरी मच गई। धमाके से मकान की दीवारों और लिंटर में दरारें पड़ गईं, जबकि घर में रखा अधिकांश सामान क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में अमित शर्मा की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं।
उन्हें बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद उन्हें दिल्ली रेफर किए जाने की जानकारी सामने आई है। धमाका इतना तेज था कि रसोई की चौखट उखड़कर करीब 20 मीटर दूर दूसरी दीवार से जा टकराई। धमाके की आवाज दूर तक सुनाई देने से आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। बताया जा रहा है कि घटना के समय मकान में परिवार के करीब 14 सदस्य मौजूद थे।
अचानक हुए धमाके से परिवार के लोग सहम गए। घटना की सूचना मिलने पर एसडीएम निधि शुक्ला, तहसीलदार आशीष कुमार सिंह, सीओ अजय कुमार और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जानकारी जुटाई। शुरुआती जानकारी के अनुसार, धमाका रसोई में हुआ, हालांकि इसकी वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी घटना की जांच में जुटे हैं। धमाका किन परिस्थितियों में हुआ, इसका पता जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा।

तमंचे और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

बिलासपुर। खजुरिया थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को तमंचा व दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी मनोज पांडेय के अनुसार, बुधवार रात ग्राम करसौला के मुख्य रास्ते पर चेकिंग चल रही थी।
इसी दौरान ग्राम करसौला निवासी इल्यास खां को पकड़ा गया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। सीओ पीपी सिंह ने बताया कि आरोपी तमंचा लेकर जा रहा था। इल्यास खां का पहले से आपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ खजुरिया और गजरौला थाने में कई मामले दर्ज हैं।

न्याय पंचायत पैराई की खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

@ क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़।(लवकुश ठाकुर) न्याय पंचायत पैराई की स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय चूहरपुर में उत्साहपूर्वक आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने दौड़, कबड्डी, खो-खो और गोला फेंक सहित विभिन्न खेलों में प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों के उत्साह और उमंग से खेल मैदान में दिनभर रौनक बनी रही।

कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि ग्राम प्रधान चूहरपुर रामबाबू शर्मा और समाजसेवी सुभाष चंद्र शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, सहयोग और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है।

प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अमित चौहान ने कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। पढ़ाई के साथ खेलकूद में भाग लेने से विद्यार्थियों की प्रतिभा निखरती है और उनमें आगे बढ़ने का आत्मविश्वास पैदा होता है।

कार्यक्रम प्रभारी सुमित ठाकुर के नेतृत्व में प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। प्राथमिक विद्यालय चूहरपुर के प्रधानाध्यापक शिव कुमार ने खेल मैदान की व्यवस्था, अतिथियों के स्वागत और कार्यक्रम के संचालन में विशेष योगदान दिया। विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी प्रतियोगिताओं के सुचारु संचालन में सहयोग किया।

अंत में आयोजकों ने अतिथियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं और प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

अखिलेश ने धर्मेंद्र कश्यप से कहा- 27 की तैयारी करो

@ क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली। (ब्यूरो)। रामपुर से लौटते समय बरेली एयरपोर्ट पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पार्टी नेताओं से हुई चंद मिनटों की मुलाकात सियासी चर्चाओं का केंद्र बन गई। भोजीपुरा विधायक शहजिल इस्लाम को देखते ही उन्होंने साथ चलने के लिए कहा और अपने साथ लखनऊ ले गए। वहीं, भाजपा छोड़कर सपा में शामिल होने जा रहे पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप से उन्होंने 27 की तैयारी करने को कहा।

पूर्व जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप को लेकर भी अखिलेश का संदेश साफ था कि पार्टी के नेता उनका ध्यान रखें और उन्हें इधर-उधर भटकने न दें। टिकटों की दावेदारी और 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच इन मुलाकातों को अहम माना जा रहा है। हालांकि, अखिलेश के संदेशों के अलग-अलग सियासी मायने निकाले जा रहे हैं, लेकिन पार्टी के भीतर इन चर्चाओं ने हलचल जरूर बढ़ा दी है। एयरपोर्ट पर अखिलेश यादव से मिलने वालों में बहेड़ी विधायक अताउर रहमान, पूर्व राज्यसभा सदस्य वीरपाल सिंह यादव, पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन, पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार, पूर्व महापौर आईएस तोमर, पूर्व विधायक इस्लाम साबिर, महिपाल सिंह यादव, सुल्तान बेग, विजयपाल सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अगम मौर्य, शिवचरन कश्यप, कदीर अहमद, प्रो. जाहिद खां, डॉ. अनीस बेग, साजिद खां, राजकुमार पाल, रविंद्र सिंह यादव, नूतन शर्मा, मनोहर पटेल, मुस्ताक अहमद, दिनेश यादव, डॉ. देवेंद्र सिंह यादव, राजेश अग्रवाल, पुरुषोत्तम गंगवार, सुरेश गंगवार, अनिल पटेल, बलराम यादव, हरिओम प्रजापति, इंद्रपाल शर्मा, कंबर एजाज, शानू, तेजपाल गंगवार, गौरव सक्सेना, जोगेंद्र पटेल, डॉ. अशोक यादव और भारती चौहान समेत अन्य नेता शामिल रहे।

मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं के साथ गोष्ठी कर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया

@ क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद (सिकंदर राजा) थाना मुगलपुराशक्ति फेस 6.0 के तहत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में बालिकाओं के साथ गोष्ठी कर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे- विधवा पेंशन योजना वृध्दावस्था पेंशन योजना सुकन्या समृद्धि योजना प्रधानमंत्री आवास योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ,कृषि कर भुगतान योजना, कन्या सुमंगला योजना , प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि से अवगत कराते हुए एवं महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- मिशन शक्ति में महिला हेल्पलाइन नंबर वूमेन पावर लाइन-1090 घरेलू हिंसा हेल्पलाइन-181 पुलिस आपातकालीन सेवा - 112 स्वास्थ्य सेवा- 102,108 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर - 1076 चाइल्ड लाइन 1098 साइबर क्राइम 1930, आदि के बारे में जागरूक किया गया तथा साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी गई व पंपलेट वितरण किए गए स्ग्र्ञ 02 थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद

दीपावली पर्व पर आतिशबाजी विक्रय हेतु कड़े निर्देश

@ क्यूँ न लिखूँ सच

क्यूँ न लिखूँ सच / जिला मजिस्ट्रेट अवनीश राय ने नगर मजिस्ट्रेट, सभी उप जिला मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी पुलिस, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, अग्निशमन द्वितीय अधिकारी तथा सभी थाना प्रभारी/प्रभारी निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि अस्थाई शेड से आतिशबाजी भंडारण एवं विक्रय हेतु अनुज्ञप्ति निर्गत करने के संबंध में विस्फोटक नियमावली, 2008 (संशोधित) के नियम 84 एवं गजट नोटिफिकेशन दिनांक 09 जनवरी 2019 का पूर्णत: अनुपालन कराया जाए। उन्होंने कहा कि अस्थाई शेड से आतिशबाजी विक्रय अनुज्ञप्ति जारी करने से पूर्व संबंधित परिसरों का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों का परीक्षण करना अनिवार्य है। केवल उन्हीं स्थानों को अनुमोदित किया जाए, जो घनी आबादी से दूर खुले एवं अग्नि सुरक्षा की दृष्टि से उपयुक्त हों।

जिला मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट किया कि सभी नगर मजिस्ट्रेट, उप जिला मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी पुलिस एवं अग्निशमन अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि 24 अक्टूबर 2026 तक अपने-अपने क्षेत्रों का निरीक्षण कर चयनित स्थलों की सूची एवं स्पष्ट आख्या उनके कार्यालय को उपलब्ध कराएँ, ताकि दीपावली पर्व से पूर्व ही जनपद में आतिशबाजी के अस्थाई लाइसेंस समयबद्ध तरीके से निर्गत किए जा सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि लाइसेंसधारियों द्वारा नियम-84 के अंतर्गत वांछित सभी प्रतिबंधों तथा संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, मध्यांचल, आगरा द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए। बिना अनुज्ञप्ति आतिशबाजी का भंडारण अथवा विक्रय पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही अनिवार्य रूप से की जाएगी। जिला मजिस्ट्रेट ने चेतावनी दी कि यदि निर्देशों के पालन में शिथिलता बरती जाती है और किसी प्रकार की घटना घटित होती है तो संबंधित अधिकारी स्वयं इसके लिए उत्तरदायी होंगे।

शिक्षक निर्वाचन में 70.67 प्रतिशत पड़े वोट, मतदान शांतिपूर्ण संपन्न

@ क्यूँ न लिखूँ सच

क्यूँ न लिखूँ सच / बदायूँ बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से उत्तर प्रदेश विधान परिषद के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 का मतदान शुक्रवार को जनपद बदायूँ में शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। मतदान को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने नगर पालिका परिषद बदायूँ तथा बिल्सी में स्थापित मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर मतदान व्यवस्थाओं का जायजा लिया। द्वनिरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था, मतदान प्रक्रिया तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मतदान के संबंध में जानकारी प्राप्त की और निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि मतदान केंद्रों पर तैनात कार्मिक अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी एवं सतर्कता के साथ करें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहने तथा अपने निर्धारित दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान प्रक्रिया के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सतर्कता बरतने पर जोर दिया।

बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन में कुल 3,935 मतदाताओं के सापेक्ष प्रात: 10 बजे तक 569 मत पड़े, जो 16.49 प्रतिशत मतदान रहा। मध्याह्न 12 बजे तक 1,420 मत पड़ने के साथ मतदान प्रतिशत 36.09 रहा। अपराह्न 2 बजे तक 2,119 मत पड़े, जिससे मतदान प्रतिशत 53.85 हो गया। मतदान समाप्ति तक कुल 2,781 मत पड़े और इस प्रकार कुल 70.67 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान समाप्ति के पश्चात सभी 10 मतदेय स्थलों की सीलबंद मतपेटिकाएं प्राप्त कर ली गई हैं। इन सभी मतपेटिकाओं को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं पुलिस बल की निगरानी में बरेली स्थित स्ट्रांग रूम में भेज दिया गया है। मतपेटिकाएं 27 अक्टूबर तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में सुरक्षित रखी जाएंगी। मतगणना 27 अक्टूबर को बरेली में संपन्न होगी।

पानी की टंकियों और मोबाइल टावरों पर चढ़कर प्रदर्शन करने पर प्रतिबंध, 100 मीटर का दायरा प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित

@ क्यूँ न लिखूँ सच

शिवपुरी। जिले में पानी की टंकियों और मोबाइल टावरों पर चढ़कर विरोध प्रदर्शन करने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। इसके तहत जिले में स्थित सभी पानी की टंकियों और मोबाइल टावरों के चारों ओर 100 मीटर की परिधि को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। प्रशासन के अनुसार, व्यक्तिगत समस्याओं, घरेलू विवादों, प्रशासनिक कार्यवाहियों के विरोध और विभिन्न मांगों को लेकर लोग पानी की टंकियों एवं मोबाइल टावरों पर चढ़कर प्रदर्शन करते हैं। इससे संबंधित व्यक्तियों के जीवन को खतरा होने के साथ कानून-व्यवस्था, यातायात और सामान्य जनजीवन भी प्रभावित होता है। ऐसी घटनाओं से होने वाली संभावित दुर्घटनाओं और जनहानि को रोकने के उद्देश्य से यह आदेश जारी किया गया है। बिना अनुमति धरना-प्रदर्शन पर रोक- आदेश के अनुसार, प्रतिबंधित क्षेत्र में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना धरना, प्रदर्शन, नारेबाजी, भीड़ एकत्रित करने और कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर रोक रहेगी। कोई भी व्यक्ति पानी की टंकी या मोबाइल टावर पर नहीं चढ़ सकेगा। इसके लिए प्रयास करने अथवा किसी अन्य व्यक्ति को ऐसा करने के लिए प्रेरित या सहयोग करने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। प्रवेश द्वार और सीढ़ियों की सुरक्षा के निर्देश- कलेक्टर ने संबंधित विभागों को पानी की टंकियों और मोबाइल टावरों तक पहुंचने वाले प्रवेश द्वार, सीढ़ियों तथा अन्य मार्गों को मजबूत तालों, सुरक्षा गेटों और अन्य आवश्यक उपायों से सुरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं। अनुविभागीय दंडाधिकारियों, पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के लिए कहा गया है। उल्लंघन पर होगी वैधानिक कार्रवाई जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 सहित अन्य लागू कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का कहना है कि इस कदम का उद्देश्य जनसुरक्षा, लोक शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखना है।

संक्षिप्त समाचार

नौरंगीलाल इंटर कॉलेज मतदान केंद्र पर दो संदिग्ध एजेंट हिरासत में

@ क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़।(लवकुश ठाकुर) अलीगढ़ नौरंगी लाल इंटर कॉलेज स्थित मतदान केंद्र पर शुक्रवार को दो संदिग्ध एजेंट मिलने से हड़कंप मच गया। दोनों के फर्जी एजेंट होने की सूचना मिलने पर जिलाधिकारी और एसएसपी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर थाना सिविल लाइंस पहुंचाया, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार, दोनों व्यक्ति मतदान केंद्र में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे। उनके फर्जी एजेंट होने की सूचना मिलने पर प्रशासन और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। एसएसपी नीरज कुमार जादौन ने मामले की जानकारी दी। आगरा खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-2026 के लिए जिले में मतदाताओं द्वारा प्रात: 12꞉00 बजे तक 21.60 ल शिक्षक मतदाता तथा 17.03ल स्नातक मतदाताओं द्वारा मतदान कार्य पूर्ण किया गया है।

कढ़ी में छिपकली गिरने से परिवार के छह लोगों की बिगड़ी तबीयत

@ क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़।(लवकुश ठाकुर) अलीगढ़ गभाना क्षेत्र के करनपुर गांव में कढ़ी में छिपकली निकलने के बाद एक ही परिवार के छह लोगों की तबीयत बिगड़ गई। सभी को उपचार के लिए जेएन मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। वहां से रात में बाइक से घर लौटते समय चूहरपुर गांव के पास उनकी बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। हादसे में तीन परिजनों समेत दूसरी बाइक सवार भी घायल हो गया। गांव निवासी पातीराम के अनुसार, उन्होंने पुत्रवधू बबिता, बेटे सुनील, बहन कुंती देवी और नाती चेतन (12) व चिराग (7) के साथ भोजन किया था। इसी दौरान सुनील की कटोरी में कढ़ी के अंदर छिपकली दिखाई दी। इसके कुछ देर बाद परिवार के सभी छह सदस्यों को उल्टी, पेट दर्द, घबराहट और बेचैनी होने लगी। परिजन उन्हें सीएचसी गभाना ले गए, जहां से जिला अस्पताल और फिर जेएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। उपचार के बाद परिवार के लोग रात करीब एक बजे बाइक से घर लौट रहे थे। चूहरपुर गांव के पास योगेश, पातीराम और कुंती देवी की बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। हादसे में तीनों के अलावा दूसरी बाइक सवार चूहरपुर निवासी सागर भी घायल हो गया। थाना प्रभारी शशि कुमार ने बताया कि सभी घायलों को सीएचसी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

गेस्ट हाउस मैनेजर पर महिला को शराब पिलाकर दुष्कर्म का आरोप

@ क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़।(लवकुश ठाकुर) अलीगढ़ सासनीगेट क्षेत्र में एक गेस्ट हाउस के मैनेजर पर महिला को शराब पिलाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। महिला के पति की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, महिला और उसकी बच्ची को बरामद कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। शिकायतकर्ता पति के मुताबिक, उसकी पत्नी अचानक घर से चली गई थी। तलाश के दौरान आगरा रोड स्थित गौरी गार्डन के बाहर उसकी स्कूटी मिली। पति ने आरोप लगाया कि गेस्ट हाउस मैनेजर सचिन यादव ने उसकी पत्नी को शराब पिलाई और कई बार उसके साथ गलत हरकत की। विरोध करने पर आरोपी कथित तौर पर राजनीतिक रसूख दिखाकर जान से मारने की धमकी देता था। सीओ कमलेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने महिला और बच्ची को बरामद कर लिया है। पति की तहरीर पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन बाद में उसे जमानत मिल गई। पुलिस का कहना है कि महिला के पति की ओर से लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम समरेर व दातागंज में शनिवार को

क्यूँ न लिखूँ सच / जनपद बदायूँ में जिलाधिकारी अवनीश राय ने आदेशों के क्रम में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत 24 अक्टूबर शनिवार को प्रात: 7:00 बजे से राजकीय आईटीआई समरेर में 160 जोड़ो तथा स्वर्गीय श्री रामपाल सिंह राजकीय डिग्री कॉलेज उसावां तहसील दातागंज में 145 जोड़ों का सामूहिक विवाह का वृहद कार्यक्रम आयोजित किया होगा। बतादें कि समरेर में लगभग 3500 तथा दातागंज में लगभग 3000 जनमानस द्वारा इस कार्यक्रम में प्रतिभा किया जाएगा। बर-बधू को आशीर्वाद देने के लिए जनपद के माननीय जनप्रतिनिधीकरण एवं समाज के मणमान्य नागरिकों द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जाएगा। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विभिन्न व्यवस्थाओं को सकुशल संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को दायित्व सौंप गए हैं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

What is the right time to use a body scrub in the morning, while bathing, or at night before bed?

Choosing a body scrub time based on your skin's needs provides greater benefits. Removes dead skin and softens skin. Choose the time to scrub based on your skin type. Use it before hair removal or tanning. Scrubs are a great option for smoothing skin, not just your face, but your entire body. However, timing is just as important as your skin type. In this article, we'll explore the benefits of regularly using a body scrub, how to choose one based on your skin type, and how to determine the right time. These are the benefits: Dead skin is removed and new cells are formed. Skin appears softer and more even. Oil, sweat, and bacteria are removed from pores. Skin care products can work effectively. Which skin and time? Oily and combination skin: Morning is the best time for this skin type. It helps control oil and leaves you feeling refreshed throughout the day. Dry skin: Nighttime is ideal for this skin type. Skin repairs overnight and provides adequate hydration. Sensitive skin: Nighttime is best for this skin type. Skin can become more sensitive in the morning. Normal skin: Both morning and nighttime are suitable for this skin type; just choose according to your routine. What are the benefits of morning scrubbing? Your skin is fully prepared for the day. Dead cells accumulated overnight are removed. Daytime lotions and sunscreens are absorbed better. What are the benefits of night scrubbing? Skin repair is accelerated. Daytime skincare products are removed more thoroughly. Nighttime skincare is more beneficial. It also protects against UV damage. When to use a body scrub? Hair removal: Use a body scrub 24-48 hours before shaving or waxing. Tan removal: Applying at night will be more beneficial. To reduce hair growth: Scrubbing 1-2 times a week helps keep follicles clear. After a workout: Using a scrub regularly after a workout prevents clogged pores and reduces the risk of acne. However, body scrubs with smaller granules are a better option. Avoid using it if you have sunburn or sunburn. Avoid daily body scrubbing immediately after shaving or waxing. If you have any skin problems.

From dark chocolate to turmeric: 10 things to include in your diet that boost happy hormones

From a morning smile to a restful night's sleep, food plays a crucial role in our happiness. From that first smile in the morning to a restful night's sleep, our happiness is built from many small moments. But did you know that your plate also plays a big role in making these moments special? We often associate happiness with external circumstances, while the real secret lies within our bodies. The happy hormones produced in our bodies control our mood, thoughts, and energy. The right foods can naturally activate these hormones. That's why it's said that happiness is life, and happiness begins with the right diet. Let's explore these foods that help boost happy hormones. Foods that release happy hormones - Dark chocolate - The flavonoids and magnesium present in it help relax the brain and release dopamine. That is why a little dark chocolate reduces stress and brings a smile on the face. Banana- Natural mood booster Banana contains tryptophan, which gets converted into serotonin in the body, which gives instant energy and removes fatigue and irritability. Yogurt- Probiotics present in yogurt improve gut health, which reduces mental stress. A healthy gut has a direct effect on a happy mood. Walnuts- Omega-3 fatty acids present in walnuts, which look like brains, reduce the symptoms of depression and increase positive thinking. Oats- Oats release energy slowly, which keeps the blood sugar in balance. This reduces mood swings and the mind remains calm and stable throughout the day. Berries - Antioxidant-rich berries like strawberries and blueberries help reduce stress hormones and refresh the mind, increasing feelings of happiness. Spinach - The magnesium in spinach helps increase endorphins, which calm the mind by reducing fatigue, anxiety, and negative feelings. Eggs - Eggs are a rich source of protein and vitamin D, which supports dopamine levels and increases motivation, leading to a happy mood. Fatty fish - Fish like salmon and mackerel are rich in omega-3s. These improve brain health and reduce the risk of depression. Turmeric - The curcumin in turmeric activates the brain's happy hormones, reducing inflammation and maintaining positive energy for a long time. Happiness isn't something far away, but rather lies within your daily diet. So, when you choose the right foods, your body automatically sends signals of happiness.

Following the trend of high-protein diets? Don't increase your intake without understanding your body's needs.

Excessive protein intake can harm your kidneys, heart, and stomach. Therefore, it's important to know how much protein your body needs daily. Protein is essential for the body, but excess can be harmful. Excess protein puts pressure on the kidneys, heart, and stomach. Follow the right methods to consume a balanced amount of protein. Protein is essential for almost every function of the body. But there's another side to it. Excessive protein intake can be detrimental to your kidneys, heart, and stomach. After all, how much of this important macronutrient is appropriate, and when can you tell if you're overdoing it? Let's find out in this article. Why is protein necessary? - To make enzymes that digest food To control hormones To keep hair, skin and nails healthy To control weight and blood sugar To repair muscles and their growth To keep immunity strong The amount of protein depends on these things The amount of protein is measured in grams per kilogram of body weight, hence overweight people need more protein People who sit all day need less protein than those who regularly exercise, strength train or do hard work The need for protein also increases with age. This can reduce muscle loss and increase strength. People following vegetarian and vegan diet need to choose protein sources wisely. Pregnant and breastfeeding women, people recovering from illness need more protein every day, but medical advice is a must. What happens when you consume too much protein? Consuming excess protein for a long time increases pressure on the kidneys. If the protein is mostly from sources like red meat, then the risk of heart disease can increase. Often, high protein food items have less fiber which slows down digestion and causes stomach upset. A plate high in protein leaves no room for carbohydrates and healthy fats. In such a situation, many essential nutrients are lacking. How to know if you are consuming too much protein: Frequent thirst or dry throat Bloating, gas, diarrhea, or constipation Bad breath Feeling tired Inability to focus Muscle strain or cramps Balance your intake in whole forms: Eat fish, eggs, low-fat dairy, and plant-based protein. Split your dose: Instead of consuming a full serving of protein at once, consume a little at each meal. Right pairing: Pairing protein and carbohydrates will help them do their job more effectively. Plant-based protein: Consuming plant-based protein like tofu, beans, and nuts improves digestion and helps you feel full longer. Before taking supplements: If you are taking protein in the form of powder, shakes, or bars, check for added sugar, saturated fat, and extra calories.

Ramayana's "Ravana Tandav" is creating a buzz online, Vishal Dadlani's voice captivates audiences; trending on YouTube.

The song "Ravana Tandav" from Ramayana has been released and is now trending online. "Ravana Tandav" from Ramayana has been released - Yash looks powerful in the song "Ravana Tandav" - Part 1 of Ramayana will be released on November 5. Ramayana is Bollywood's most anticipated film. Whether it's a poster, teaser, trailer, or song, even a small glimpse of Ramayana becomes a topic of discussion. Recently, the song "Ravana Tandav" from the film was released. On October 20, on the occasion of Dussehra, "Ramayana Ravana Tandav" was released. As soon as the song was released, it created a buzz online. Vishal Dadlani sings the song "Raavan Tandav" - "Raavan Tandav" from "Ramayana" was composed by AR Rehman. He also composed the music. Vishal Dadlani sang it in his powerful voice. It was written by Kumar Vishwas. "Raavan Tandav" from "Ramayana" released - When "Raavan Tandav" from "Ramayana" was released, Yash looked powerful while performing the "Tandav" (tandav). Yash, dressed as Ravana, performs the "Tandav" in front of a Shiva statue. His aura is worth seeing. The song has gone viral on the internet within 24 hours. People are praising Yash on social media. It is trending on YouTube. Not only this, "Raavan Tandav" is also going viral on social media. Within 24 hours, the song has been listened to more than 10 million times on YouTube. It is trending at number 9 on YouTube's music trending chart. People are praising Yash's "Tandav" (tandav), visual effects, and sound in the song.

The Jumanji crew embarks on their final journey, Dwayne Johnson shares a new poster for the fantasy-adventure film.

The latest poster for the fifth installment of Hollywood's popular fantasy-adventure film franchise, Jumanji, has been released. A new poster for Jumanji 5 has surfaced - the final film in the Jumanji franchise - Dwayne Johnson's film will release on this day. When it comes to popular film franchises in Hollywood cinema, Dwayne Johnson's Jumanji is sure to be a key player. The buzz surrounding Jumanji Part 5 has been rife for quite some time. As the release date of this fantasy-adventure thriller approaches, the cast and makers are constantly releasing updates. Meanwhile, another new poster for Jumanji 5 has surfaced, shared by Dwayne Johnson on social media. Let's take a look at it: New Jumanji 5 Poster Revealed - Get ready for one last game in the magical world of Jumanji. Because one last adventure is about to begin with Jumanji: Open World. Starring Dwayne Johnson, Jack Black, Kevin Hart, and Karen Gillan, the film is ready for one last adventure this Christmas. The countdown to this exciting game has officially begun, and the makers have released a new poster for the film. Dwayne Johnson shared the film's new poster on Instagram, in which the main characters are seen trapped between the game world and the real world. Sharing this post, the actor wrote in the caption, "Two worlds collide. One last game." Jumanji: Open World: The Last Game is coming to theaters this Christmas. It's worth noting that this Hollywood film will be released worldwide on December 25, 2026. Furthermore, Sony Pictures Entertainment India will also release the film in Indian theaters in English, Hindi, Tamil, and Telugu. Let us tell you that till now four movies of the Jumanji franchise have been released, whose names are as follows - Jumanji - 1995 - Zathura: A Space Adventure - 2005 Jumanji: Welcome to the Jungle - 2017 Jumanji: The Next Level - 2019 Will give competition to Shah Rukh Khan's King - It is known that Dwayne Johnson starrer Jumanji 5 will give competition to Bollywood superstar Shah Rukh Khan's much talked about film King in India. Because director Siddharth Anand's King will also hit the theatres on 24th December.

Ramayana's "Ravana Tandav" is creating a buzz online, Vishal Dadlani's voice captivates audiences; trending on YouTube.

The song "Ravana Tandav" from Ramayana has been released and is now trending online. "Ravana Tandav" from Ramayana has been released - Yash looks powerful in the song "Ravana Tandav" - Part 1 of Ramayana will be released on November 5. Ramayana is Bollywood's most anticipated film. Whether it's a poster, teaser, trailer, or song, even a small glimpse of Ramayana becomes a topic of discussion. Recently, the song "Ravana Tandav" from the film was released. On October 20, on the occasion of Dussehra, "Ramayana Ravana Tandav" was released. As soon as the song was released, it created a buzz online. Vishal Dadlani sings the song "Raavan Tandav" - "Raavan Tandav" from "Ramayana" was composed by AR Rehman. He also composed the music. Vishal Dadlani sang it in his powerful voice. It was written by Kumar Vishwas. "Raavan Tandav" from "Ramayana" released - When "Raavan Tandav" from "Ramayana" was released, Yash looked powerful while performing the "Tandav" (tandav). Yash, dressed as Ravana, performs the "Tandav" in front of a Shiva statue. His aura is worth seeing. The song has gone viral on the internet within 24 hours. People are praising Yash on social media. It is trending on YouTube. Not only this, "Raavan Tandav" is also going viral on social media. Within 24 hours, the song has been listened to more than 10 million times on YouTube. It is trending at number 9 on YouTube's music trending chart. People are praising Yash's "Tandav" (tandav), visual effects, and sound in the song.